पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के 'लोगो' व 'सूक्ति' का लोकार्पण किया

लखनऊ : 29 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के 'लोगो' व 'सूक्ति' ध्येय वाक्य 'आरोग्यमेव अटल अमृतम्' (आरोग्य ही अटल अमृत है) का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने लोगो व सूक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 ए0के0 सिंह तथा रजिस्ट्रार श्री अनिल कुमार भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि 'लोगो' व 'सूक्ति' के चयन के लिये चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता करायी गयी थी, जिसमें कुल 252 लोगो व 138 सूक्तियां प्राप्त हुई थी। तीन विशेषज्ञों की टीम ने सर्वश्रेष्ठ 'लोगो' व 'सूक्ति' ध्येय वाक्य का चयन किया। इसमें रूपये बीस हजार की राशि प्रथम विजेता के लिये निर्धारित की गयी थी।

लोगो के लिए श्री रचित सिंह तथा सूक्ति के लिए डॉ0 अमिता जैन को प्रथम पुरस्कार के रूप में 20-20 हजार रूपये दिये गये।

ओ0पी0राय/राजभवन (60/23)

‘लोगो’ जारी करती हुई राज्यपाल